दिनांकः 09.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से जोधपुर के दो दिन के दौरे पर हैं। उनका आज वहां न्यायिक अधिकारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम है। उपराष्ट्रपति कल राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे और अपना संबोधन देंगे।

..............................................................

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जोधपुर और बूंदी जिले का चयन किया गया है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। योजना के तहत बूंदी के केशोरायपाटन और जोधपुर सहित देश में 57 पर्यटन स्थलों की पहचान की गई है। परियोजना के तहत केशोरायपाटन में आने वाले पर्यटकों के आध्यात्मिक अनुभव को बढ़ाने लिए 17 करोड़ 37 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

..............................................................

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जैसलमेर में इस अवसर पर वाहन रैली निकाली गई। सांचौर में स्कूली विद्यार्थियों ने आदिवासी संस्कृति और सभ्यता की झांकियां पेश कीं। बालोतरा में भील समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में पारम्परिक आदिवासी वेशभूषा सजे–धजे लोग शामिल हुए। भीलवाड़ा के गंगापुर क्षेत्र में आदिवासी समाज की ओर से जुलूस निकाला गया।
जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आदिवासी महोत्सव का आयोजन रखा गया है। महोत्सव में आदिवासी अंचलों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। बांसवाडा और डूंगरपुर में भी विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। इनमें जनजातीय समूहों के लोग भाग ले रहे हैं।

..............................................................

देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरु हुआ। 15 अगस्त तक चलने वाले अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियान को एक बार फिर यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी साझा कर स्वतंत्रता का जश्न मनाने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रोफ़ाइल फोटो तिरंगे में बदल ली और लोगों से भी तिरंगे की डीपी लगाने की अपील की है। प्रदेशभर में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।
बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में तिरंगा मार्च निकाला गया। कोटपूतली बहरोड में अभियान की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कोटा में कल तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

..............................................................

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि औपनिवेशिक शासन से देश को स्वतंत्रता दिलाने में भारत छोड़ो आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

..............................................................

प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आज नाग पंचमी का पर्व पारम्परिक श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालु भगवान शिव के साथ–साथ नाग देवता की पूजा कर रहे हैं। जैसलमेर के बड़ा बाग गांव के नाग देवता मंदिर में सुबह से ही लोग पहुंच रहे हैं। नाग देवता का विशेष श्रंगार कर पूजा अर्चना की जा रही है। पाली के मीरा मार्ग स्थित नाग मंदिर में नाग देवता का दूध से

अभिषेक किया जा रहा है। भरतपुर में महिलाओं ने सांपों के बिलों और करीली के पेड़ों की पूजा अर्चना की। वहां शिव मंदिर में सांपों की सजीव झांकी भी सजाई गई।

.............................................................

प्रदेश में कई स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर आज भी जारी है। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही रुक रुक कर बरसात हो रही है। चूरू में सुबह से हो रही बरसात से सड़कों पर पानी भर गया है। करौली में बरसात के चलते पांचना बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। वहीं बीकानेर में बूंदाबांदी हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक साढे 19 सेंटीमीटर पानी दौसा के महुवा में बरसा। केन्द्र के अनुसार राज्य के पूर्वी इलाकों में बारिश की गतिविधियां अगले एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। आज जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी तथा कहीं–कहीं अतिभारी बारिश की संभावना है।

.............................................................